BSES

# मुख्यमंत्री ने किया 500 किलोवॉट के रूफ–टॉप सोलर प्लांट का उद्घाटन

बीआरपीएल की अनोखी पहलः *सोलर सिटी सोलराइज द्वारका*

नई दिल्लीः 4 अगस्त, 2018। दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने आज द्वारका की सात सोसाइटियों 506 किलोवॉट की क्षमता वाले रूफ–टॉप सोलर पावर प्लांट्स का उद्घाटन किया। इसके साथ ही, द्वारका में सोलर प्लांट्स की कुल उत्पादन क्षमता 1000 किलोवॉट यानी 1 मेगावॉट हो गई है। ये सोलर प्लांट्स बीआरपीएल के *सोलर सिटी* पहल के तहत लगाए गए हैं। इन प्लांट्स को सीधे बीआरपीएल के ग्रिड से भी जोड़ा गया है।

इन सोलर प्लांट्स से द्वारका की सात सोसाइटियों में रहने वाले हजारों लोगों को फायदा होगा। इन सोसाइटीज में सालाना करीब 6.5 लाख यूनिट सोलर पावर का उत्पादन होगा। इससे उन्हें सालाना 32 लाख रूपये की बचत होगी।

जिन सोसाइटियों में आज सोलर प्लांट का उद्घाटन किया गया, वे हैं– इस्पात सीजीएचएस, नव रतन सीजीएचएस, सुप्रिया सीजीएचएस, सक्षम सीजीएचएस, श्री बालाजी सीजीएचएस, गुरू रामदास सीजीएचएस और कालकाजी सीजीएचएस। श्री बालाजी सीजीएचएस में 130 किलोवॉट, इस्पात सीजीएचएस में 120 किलोवॉट, नव रतन में 60 किलोवॉट, सुप्रिया में 46.5 किलोवॉट, सक्षम में 60 किलोवॉट, गुरू रामदास में 40 किलोवॉट और कालकाजी सीजीएचएस में 50 किलोवॉट के सोलर पावर प्लांट लगाए गए हैं। चार सोसाइटियों में ऑकरिज एनर्जी ने और तीन में रेवान्ता एनर्जी ने सोलर प्लांट्स लगाए हैं।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किए गए इन सोलर प्लांट्स के उद्घाटन के अवसर पर माननीय विधायक श्री गुलाब सिंह, श्री नरेश बलियान, श्री रजेश ऋषि और सुश्री भावना गौड़ भी मौजूद थीं। बीआरपीएल के सीईओ श्री अमल सिन्हा और ऑकरिज एनर्जी के सीईओ श्री श्रवण संपथ भी वहां उपस्थित थे। बीएसईएस के *सोलर सिटी* पहल के तहत बेहतर पर्यावरण और हरित भविष्य की आकांक्षाओं के साथ जुड़ने वाली इन सोसाइटियों को माननीय मुख्यमंत्री ने प्रशंसा–पत्र भी दिए।

सोलर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से बीआरपीएल को अपने अक्षय ऊर्जा खरीद के लक्ष्यों–– जिसे तकनीकी भाषा में आरपीओ यानी रिन्युएबल परचेज ऑब्लिगेशन के नाम से जाना जाता है–– को पूरा करने में मदद मिलेगी। कंजस्टेड इलाकों में गर्मियों के पीक सीजन में ओवरलोडिंग की समस्या को भी कम करने में सहायता मिलेगी।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, शहर में सोलर क्रांति के अगुआ के रूप में बीआरपीएल अपनी भूमिका निभा रही है और अपने नेटवर्क में सोलर पावर के महत्व और उसके फायदों को भलीभांति समझती है। सिर्फ द्वारका में ही बीआपीएल 2.5 मेगावॉट यानी 2500 किलोवॉट रूफटॉप सोलर पावर प्लांट्स लगाने की संभावना देख रही है। बीआरपीएल, भविष्य में सोलर समेत सभी हरित ऊर्जा की भूमिका को बेहतर ढंग से समझती है और आगे बढ़कर इस हरित मुहिम का नूतुत्व करना चाहती है। सोलर सिटी– सोलराइज द्वारका, बीआरपीएल की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसे टेरी और जीआईजेड इंडिया के साथ मिलकर शुरू किया गया है।

उपभोक्ताओं को परेशानीमुक्त व तेज सोलर समाधान सुनिश्चित करने के लिए बीआरपीएल ने एक वेबसाइट व पूर्ण समर्पित हेल्पलाइन भी लॉन्च की है। बीएसईएस की वेबसाइट (www.bsesdelhi.com) पर एक ही जगह पर सोलर पहल से संबंधित सारी सूचनाएं उपलब्ध कराई गई हैं। वेबसाइट पर ही उपभोक्ता एप्लिकेशन फॉर्म भर

सकते हैं, अपने डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर सकते हैं और अप्लिकेशन पर कहां तक काम हुआ है, उसे ट्रैक भी कर सकते हैं। सोलर पैनलों से संबंधित सारी औपचारिकताएं उपभोक्ता इस पोर्टल पर पूरी कर सकते हैं।

उपभोक्ताओं के लिए एक पूर्ण समर्पित सोलर हेल्पलाइन भी लॉन्च की गई है। बीएसईएस के मौजूदा कॉल सेंटर नंबर 39999707 पर इसके लिए, अन्य लाइनों से बिल्कुल अलग लाइनें उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि उपभोक्ताओं को उनके सवालों व समस्यों का समाधान मिल सके।

*दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।*

..........................................................................................................................................